कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, 220के.वी. उपकेन्द्र, नवादा आंवला रोड, पोस्ट–सालारपुर बदायूँ–243601(उत्तर प्रदेश) ई–मेल : eeetdbdu@upptcl.org	U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED UPPTCL	Office of the Executive Engineer Electy. Transmission Division 220KV S/S, Nawada Aonla Road, Post-Salarpur Budaun-243601(U.P.) Email: eeetdbdu@upptcl.org

पत्रॉक : 2039 / वि.पा.ख.(बदायूँ) / निविदा दिनांक : 15 / 12 / 2021

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
बदायूँ

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक जागरण
बदायूँ

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक / समाचार पत्र में शीघ्रताशीघ्र / दिनांक **16.12.2021** तक के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप में सिंगल स्पेस एवं सिंगल कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें :–

1. हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
2. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन, निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक दो प्रतियों में भुगतान प्राप्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर बीजक का सत्यापन एवं भुगतान सम्भव नहीं होगा।
4. इस कार्यालय से सत्यापित एवं पारित बीजक का भुगतान उप महाप्रबन्धक (लेखा), पारेषण मध्य, उ.प्र.पा.ट्रा.का. लि., पारेशण भवन, निकट मन्त्री आवास, विभूति खण्ड–2 गोमती नगर, लखनऊ कार्यालय द्वारा किया जायेगा।
5. संलग्न हिन्दी / अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन हिन्दी / अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में संलग्न सामग्री में वर्णित भाषा में प्रकाशित किया जायेगा।
6. विज्ञापन प्रकाशित होते ही बिलम्बतम् एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग, अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये, अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन / भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. यदि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ.प्र. तथा विज्ञापन एवं दृष्टा प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा आपके समाचार पत्र हेतु विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
8. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे अन्त में **'राष्ट्र हित में बिजली बचायें तथा बल्ब के स्थान पर एल.इ.डी. प्रयोग करें'** का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की सं. व दिनॉक, अवश्य प्रकाशित करें ।
9. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों के कारण, सम्बन्धित बीजक में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्नक : विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति
विज्ञापन सामग्री – 2 नग

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
बदायूँ।

पत्रॉक : 2039 / वि.पा.ख.(बदायूँ) / निविदा दिनांक : 15 / 12 / 2021

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य.), उ.प्र.पा.ट्रा.का.लि., पारेशण भवन, निकट मन्त्री आवास, विभूति खण्ड–2 गोमती नगर, लखनऊ।
2. उप महाप्रबन्धक (लेखा), पारेषण मध्य, उ.प्र.पा.ट्रा.का.लि., पारेशण
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेशण मण्डल, बरेली।
4. लेखाकार ।
5. नोटिस बोर्ड ।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
बदायूँ।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अल्पकालीन ई–निविदा **आमंत्रण सूचना संख्या 09/ई.टी.डी.(बदायूँ)/2021–22**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खण्ड अन्तर्गत स्थापित **132के.वी. पारेषण लाइनों की पैट्रोलिंग, पेडों की कटाई–छटाई के कार्य हेतु** अनुभवी एवं कार्य में दक्ष निविदादाताओं से दो भागों में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्तें, निविदा प्रपत्र में अंकित हैं, जो www.etender.up.nic.in से Down-Load कर अवलोकित की जा सकती हैं। निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग www.etender.up.nic.in Web Site पर ही Up-Load किया जा सकेगा। निविदा दिनांक 30.12.2021 समय 17:00 बजे तक Up-Load की जानी हैं। ई–निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र, दिनांक 31.12.2021 समय 12:00 बजे के उपरान्त Down-Load की जायेगी। निविदा से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र, भौतिक रूप से कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी, अन्य संशाधनों एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में, निविदा Up-Load करने के दिनांक/समय तक कृपया www.etender.up.nic.in पर Log on करें।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
बदायूँ।